# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

एम.बी.एस. मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा (राज0)

क्रमांक एफ–5( )शैक्ष. / कोविको / 2023 / दिनांक :

प्राचार्य / सचिव / अध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध निजी महाविद्यालय, (समस्त पाठ्यक्रम)
कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।

**विषय :–प्राचार्य की चयन प्रक्रिया विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित करवाने के संबंध में आदर्श आचार संहिता लागू रहने तक छूट प्रदान करने बाबत्।**

संदर्भ :–विश्वविद्यालय पूर्व पत्रांक 4046 दिनांक 27.07.2023 एवं 4935 दिनांक 21.08.2023

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि निरीक्षण मण्डल की बैठक दिनांक 09.06.2023 के मद संख्या 11 में लिये गये निर्णयानुसार कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के क्षेत्राधिकार में अवस्थित समस्त निजी महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं शैक्षणिक स्टॉफ के चयन की प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं जवाबदेही के दृष्टिगत चयन प्रक्रिया अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित / सम्पन्न करवाने का निर्णय लिया जाने के फलस्वरूप संदर्भित पत्रों के माध्यम से सभी को सूचित किया जा चुका है। प्राचार्य एवं शैक्षणिक स्टॉफ के चयन की प्रक्रिया की आवश्यक व्यवस्थाओं / तैयारियों के मद्देनजर प्राचार्य एवं शैक्षणिक स्टॉफ के चयन की प्रक्रिया विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित / सम्पन्न करवाने के लिये दिनांक 01.10.2023 तक छूट प्रदान की गई थी।

उक्त संबंध में अग्रिम लेख है कि विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 23.09.2023 के मद संख्या 5 के निर्णयानुसार – विश्वविद्यालय परिसर में केवल प्राचार्य चयन करवाये जाने का निर्णय लिया गया है। व्याख्याताओं के चयन पूर्ववत् महाविद्यालय द्वारा अपने स्तर से करवाये जा सकेंगे।

अतः उक्तानुसार प्राचार्य चयन की प्रक्रिया हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के दृष्टिगत एवं वर्तमान मे आदर्श आचार संहिता के कारण प्राचार्य के चयन की प्रक्रिया विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित / सम्पन्न करवाने के लिये **आदर्श आचार संहिता लागू रहने तक छूट प्रदान की जाती है अर्थात् चयन प्रक्रिया पूर्ववत् ही की जावे।**

(प्रो. आर.के. उपाध्याय)
कुलसचिव

क्रमांक एफ–5( )शैक्ष. / कोविको / 2023 / 8241–8242 दिनांक 26/10/2023

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, कुलपति, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा को माननीया कुलपति महोदया के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु प्रेषित है।
2. वेब मास्टर, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा को भेजकर अनुरोध है कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

(प्रो. आर.के. उपाध्याय)
कुलसचिव

U:\Affiliation_work\21.07.2020\2020\All Hindi Letter's 2020.docx

10/20/2023 4:46 PM